**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 03.04.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 राज्यसभा में पेश–अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा–विधेयक का उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाना है।**
- **एग्रीस्टैक योजना के तहत 73 लाख से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन कर राजस्थान ने देश में पहला स्थान हासिल किया।**
- **केन्द्र सरकार, देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही एक सौ खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं बनाएगी।**
- **प्रदेश में आज जयपुर, अलवर, करौली और सीकर जिले में हल्की से मध्यम बरसात की संभावना–कहीं–कहीं ओले गिरने की चेतावनी।**

000

वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 आज राज्यसभा में पेश किया गया, जहां विधेयक पर चर्चा जारी है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज दोपहर विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाना है। साथ ही इसका मकसद वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के अधिकारों की रक्षा कर शासन में सुधार करना है।

...............

केन्द्रीय मंत्री ने विपक्षी दलों से इस विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है, न कि मुसलमानों के धार्मिक व्यवहार में हस्तक्षेप करना। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करने का भी प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को अधिक समावेशी बनाना है। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि यह विधेयक भ्रामक है और इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के इरादे से लाया गया है। श्री हुसैन को बीच में रोकते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

000

भारत और थाईलैंड के बीच आज विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी, समुद्री, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम, हस्तशिल्प और हथकरघा सहित कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतों गतार्न शिना वात्रा के बीच बैंकॉक में आज द्विपक्षीय वार्ता के बाद ये समझौते हुए। द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत–थाईलैंड संबंधों को महत्वपूर्ण साझेदारी के रूप में स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि थाईलैंड का भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण में विशेष स्थान है।

.............

प्रधानमंत्री ने थाईलैंड में भारतीय समुदाय से मिले गर्मजोशी भरे स्वागत पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच एक गहरे सांस्कृतिक संबंध हैं।

000

एग्रीस्टैक योजना के तहत 73 लाख से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन कर राजस्थान ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। राजस्व और उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने बताया कि प्रदेश में योजना के फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत 81 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। श्री मीणा ने जयपुर में वीसी के माध्यम से राजस्व तथा उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाबद्ध रूप से काम कर फार्मर रजिस्ट्री के शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए ई–धरती पोर्टल में आवश्यक संशोधन कर इसे और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में काम करने को कहा। श्री मीणा ने राजस्व मंडल और अधीनस्थ राजस्व अदालतों, संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर न्यायालयों के लंबित वादों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक वर्षों से लंबित राजस्व वादों का न्यायालय चिन्हित कर प्राथमिकता से निस्तारण करें।

000

केन्द्र सरकार देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही एक सौ खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं बनाएगी। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने लोकसभा में कहा कि खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल देशभर में दो सौ पाँच खाद्य परीक्षण

प्रयोगशालाएं हैं। श्री पासवान ने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने पिछले दो वर्षों में तीन लाख से अधिक नमूनों का परीक्षण किया है और 13 हजार नमूनों को असुरक्षित पाया है। उन्होंने कहा कि दो हजार से अधिक लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

000

प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज डीग में जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक ने पहाड़ी और सीकरी क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने खनन सामग्री परिवहन के लिए बनाए गए गैर कानूनी रास्तों को बंद करने और संबंधित पटवारी और तहसीलदार को इन रास्तों की निगरानी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को खनन गतिविधियों को सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए मॉनिटर करने को कहा। उधर, बांसवाड़ा में पुलिस ने अरथुना क्षेत्र से अवैध बजरी परिवहन करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही परिवहन में शामिल तीन ट्रैक्टर भी जब्त किए गए हैं।

000

राजस्थान पुलिस की ओर से लापता बच्चों को ढूंढने के लिए चलाए जा रहे खुशी अभियान के तहत झुंझुनूं जिले में 26 बच्चों को चिन्हित किया गया है। ये बच्चे काफी समय से गुमशुदा हैं। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि अभियान के तहत तीन दिनों में ही चार बच्चों को दस्तयाब किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए हर थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। साथ ही साइबर सैल की मदद भी ली जाएगी।

000

सीकर के श्रीमाधोपुर निवासी 14वीं बीएन बटालियन, आईटीबीपी के जवान रतनलाल गुर्जर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में वीरगति को प्राप्त हो गए। बर्फीली पहाड़ियों पर पैट्रोलिंग के दौरान ऑक्सीजन की कमी से उनका देहांत हुआ। श्री गुर्जर का अंतिम संस्कार कल राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने उनके परिवारजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने की भगवान से प्रार्थना की।

000

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से आज जयपुर, अलवर, करौली और सीकर जिले में हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। वहीं कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग ने भरतपुर, झुंझुनूं और चूरू जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की बरसात की संभावना है। राजधानी जयपुर में आज दिनभर आंशिक बादल छाए रहे। वहीं कई अन्य जिलों में मौसम साफ रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे ज्यादा 40 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस बार गर्मी के मौसम में तापमान सामान्य से ऊपर रहने के आसार हैं।

000

भीलवाड़ा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक विशेष परियोजना पर काम किया जा रहा है। इसके तहत नगर विकास न्यास और नगर निगम की ओर से दीवारों पर पारम्परिक फड़ चित्रकारी की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को पुरानी संस्कृति से परिचित कराना है।

000

चैत्र नवरात्र के छठे दिन आज मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की आराधना की जा रही है। मनोवांछित इच्छाओं को पूरा करने के लिए कात्यायनी की पूजा अर्चना की जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद भक्तों के जीवन में नई ऊर्जा और नया संकल्प लेकर आता है। प्रधानमंत्री ने अनुराधा पौडवाल का भजन साझा करते हुए कहा कि इससे सभी के भीतर भक्ति भाव का संचार होगा।

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण जीवन की कामना की।

000